संख्या-27/214/78-1-2014-133आई0टी0/2013

प्रेषक,

जी0एस0 नवीन कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- प्रमुख सचिव,
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग
उ0प्र0 शासन।

2- प्रमुख सचिव,
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग,
उ0प्र0 शासन।

3- प्रबन्ध निदेशक,
यूपीएलसी, लखनऊ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊ: दिनांक: 10 मार्च,2014

विषय: प्रदेश में आई0टी0 पार्क्स के विकास, संचालन तथा अनुरक्षण हेतु गाइडलाइन्स/दिशा-निर्देश के संबंध में।

महोदय,

सूचना प्रौद्यौगिकी व्यवसाय को बढावा देने, निजी क्षेत्र से पूँजी निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजन तथा राज्य के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास हेतु सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से उ0प्र0 सूचना प्रौद्योगिकी नीति-2012 प्रख्यापित की जा चुकी है।

2- उ0प्र0 सूचना प्रौद्योगिकी नीति-2012 में दी गयी व्यवस्थानुसार प्रदेश के टियर-II एवं टियर-III शहरों को आई0टी0 डिस्टिनेशन्स के रूप में बढावा देते हुए उन्हें अत्याधुनिक तकनीक से युक्त अवस्थापना आई0टी0 पार्क्स के निर्माण/स्थापना हेतु सहायता प्रदान किये जाने के उद्देश्य से प्रत्येक विकास प्राधिकरण में यथासंभव-1 आई0टी0 पार्क, न्यूनतम लगभग 15000 वर्गमीटर फ्लोर एरिया में विकसित किये जाने हेतु श्री राज्यपाल महोदय प्रदेश में आई0टी0 पार्क्स के विकास, संचालन तथा अनुरक्षण हेतु गाइडलाइन्स/दिशा-निर्देश निर्गत किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। उक्त आई0टी0 पार्क्स गाइडलाइन्स/दिशा-निर्देश की प्रति संलग्न है।

क्रमश:2

http://shasanadesh.up.nic.in

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया संलग्न, प्रदेश में आई0टी0 पार्क्स के विकास, संचालन तथा अनुरक्षण हेतु गाइडलाइन्स/दिशा-निर्देश में दी गयी व्यवस्थानुसार तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(जी0एस0 नवीन कुमार)
विशेष सचिव।

संख्या-27/214(1)/78-1-2014 तददिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2- कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
3- अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
4- प्रमुख सचिव मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
5- निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
6- प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को/अपट्रान इण्डिया लि0/अपट्रान पावरट्रानिक्स लि0/श्रीट्रान इण्डिया लि0।
7- उपमहानिदेशक, एनआईसी, योजना भवन, लखनऊ।
8- राज्य समन्वयक, सीईजी को इस आशय से प्रेषित की आई0टी0 पार्क्स गाइडलाइन्स/दिशा-निदेश को अपने विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(बी0पी0 सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in